**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय टेबल टेनिस (पु.) प्रतियोगिता आयोजित

विश्वविद्यालय में टेबल टेनिस (पु.) प्रतियोगिता 24 से 29 दिसम्बर 2022 तक शारीरिक शिक्षा अनुभाग में किया गया। उक्त प्रतियोगिता के एकल वर्ग में कुल 26 प्रतिभागियों एवं युगल वर्ग में कुल 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। एकल वर्ग के फाइनल में विपिन सिंह बोरा (मीनाक्षी भवन) ने विशाल एस (शिवालिक भवन) को 11–8, 11–8, 11–2 के स्कोर से पराजित कर विजेता रहे।

युगल वर्ग के फाइनल में प्रभात पांगती एवं बिरेन्द्र सिंह (वी.एस. भवन) की जोड़ी ने विपिन सिंह बोरा (मीनाक्षी भवन) ने विशाल एस (शिवालिक भवन) की जोड़ी को 11–8, 11–9, 11–5 के स्कोर से पराजित किया। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन क्लब प्रभारी एवं सह निदेशक, डा. जी.एस. बोहरा एवं टी.टी के स्टाफ काउन्सलर, डा. धीरज कुमार द्वारा किया गया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिको द्वारा उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

**निदेशक संचार**